सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

#ऑपरेशन मुस्कान, #ऑपरेशन त्रिनेत्र

प्रेस नोट दिनांक 16.10.2024

इटावा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये गुमशुदा युवक को मात्र 07 घंटे मे सकुशल किया गया बरामद।

एसएसपी इटावा के निर्देशन मे थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

संक्षिप्त विवरण:-

दिनांक 15.10.2024 को समय करीब 13:57 बजे आवेदिका सर्वेश कुमारी पत्नी स्व0 आराम सिंह निवासी रुपपुरा थाना वैदपुरा जनपद इटावा द्वारा थाना वैदपुरा पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि कल दिनांक 14.10.2024 को **आवेदिका का पुत्र आलोक कुमार उम्र करीब 18 वर्ष** अपनी मौसी ममता पत्नी बलराम निवासी काँटीहार थाना वैदपुरा के यहाँ दोपहर के समय घूमने गया था जोकि दिनांक 14.10.2024 को ही समय करीब 16:00 बजे मोटर साइकिल से अपने गांव रुपपुरा के लिये निकला था परन्तु अभी तक घर नही पहुंचा। संभावित स्थानों पर काफी तलाश किया परन्तु नही मिला। दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना वैदपुरा पर गुमशुदगी दर्ज की गयी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री सत्यपाल सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी सैफई श्री शैलेन्द्र प्रताप गौतम के निकट पर्यवेक्षण में **"आपरेशन मुस्कान"** के तहत गुमशुदा आलोक कुमार उपरोक्त की तलाश हेतु थानाध्यक्ष वैदपुरा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना वैदपुरा से 02 टीमो का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों द्वारा गांव एवं आस – पास के क्षेत्रों मे जानकारी की गयी। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये इलैक्टॉनिक एवं मैनुअल साक्ष्य एकत्रित कर तथा **"आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाये गये सीसीटीवी कैमरो की सहयता से" गुमशुदा आलोक कुमार उपरोक्त को मात्र 07 घण्टे मे नगला बरी तिराहे के पास से स्पलेण्डर मोटरसाइकिल सहित समय करीब 21:00 बजे सकुशल बरामद किया गया।**

पुलिस टीम द्वारा आलोक कुमार से पूछताछ की गयी तो आलोक उपरोक्त ने बताया गया कि पढ़ाई न करने को लेकर माता ने उसे डाँट दिया था जिसकी वजह से वह घर से चला गया था।

थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा आलोक कुमार को उसके माता व परिवारीजनो को सकुशल सुपुर्द किया गया। अपने पुत्र को सकुशल पाकर उसकी माता एवं परिवारीजन द्वारा इटावा पुलिस की भूरि – भूरि प्रशंसा की गयी।

पुलिस टीम:- प्रथम- थानाध्यक्ष वैदपुरा श्री विपिन कुमार, का0 अंकित चौधरी, जौनी कुमार, का0 अनुज कुमार ।

पुलिस टीम: द्वितीय- उ0नि0 सुबोध सहाय, हे0का0 आविद खां, का0 उमेश कटारा, म0का0 पायल सिंह।